तापमान

अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 24 दिसंबर 2024

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 महादेव मंदिर दर्शन के लिए कुरूद पहुंचे वनमंत्री एवं...

12 मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना : 48 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे






## खबर संक्षेप

### आदिम जाति कल्याण आवासीय समिति की बैठक 3 को


**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति की त्रैमासिक बैठक 3 जनवरी को रखी गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि सुबह 11 बजे से यह बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा है।

### बंजारी में मड़ई 1 को

**अंवरी।** ग्राम बंजारी में ग्रामवासियों के सहयोग से 1 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों मनोरंजन के लिए जय अंबे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी नीचेकोहड़ा अम्बागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सरपंच त्रिवेणी तुलाराम पाल ने दी है।

### डोंगरडुला में शिव महापुराण कथा 25 से

**नगरी।** महिला मंडल एवं युवा समिति डोंगरडुला द्वारा 25 से 31 दिसंबर तक संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा का आयोजन किया गया है। आचार्य पं. रुपेश शास्त्री द्वारा कथा का वाचन किया जायेगा। 25 दिसंबर को वेदी पूजन कलशयात्रा, 26 को सृष्टि वर्णन नारद मोह शिवनाथ जाप, 27 को पार्थिव शिवलिंग निर्माण की पूजा, 28 को सती चरित्र, शिव पार्थिव विवाह, 29 को कार्तिकेय जन्म, गणेश जन्म, 30 को ज्योतिर्लिंग की कथा, 31 दिसंबर को बेलपत्र हवन, गीता उपदेश एवं भंडारा का आयोजन होगा।



### मधुबन धाम में साईं जन्मोत्सव 25 को

**मगरलोड।** मधुबन धाम में मुन्ना ठाकुर उर्फ मनमोहन सिंह ठाकुर धमतरी की स्मृति में साईं मंदिर का निर्माण 28 मार्च 2015 को किया गया है। साईं मंदिर में अखंड दीप प्रज्वलित किए किए हैं। 25 दिसंबर को साईं जन्मोत्सव कार्यक्रम रखा गया है। सुबह 6 बजे महाभिषेक, 7 बजे आरती, दोपहर 12 बजे हवन यज्ञ, शाम 6 बजे आरती होगी। संचालिका सुलोचना ठाकुर ने साईं भक्तों से उपस्थित की अपील की है। दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक साईं प्रसाद एवं भंडारा का आयोजन राजेंद्र साहू, ललित, चंद्रकुमार फुसेरा द्वारा किया जाएगा।



### चर्रा में श्रीमद भागवत कथा 24 से

**कुरूद।** ग्राम चर्रा के कैलाशपुर में आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यह महोत्सव का आयोजन 24 दिसम्बर से 1 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक महामण्डलेश्वर संत गोवर्धन शरण महाराज सिरकटी आश्रम कुटेना होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। 24 दिसम्बर को कलश यात्रा, गौकर्ण पूजा, भागवत स्थापना, 25 को सृष्टि विस्तार, बारह अवतार, 26 को ध्रुव चरित्र, वामन अवतार, नरसिंह अवतार, 27 को श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण जन्म, 28 को नंद उत्सव, माखन चोरी, 29 को वृन्दावन लीला, गिरिराज पूजन, 30 को रुक्मणि मंगल, सुदामा चरित्र, 31 को परीक्षित मोक्ष एवं 1 जनवरी को गीता कपिला तर्पण एवं प्रसादी वितरण होगा।

वैध-अवैध दोनों खदानों में चल रही मनमानी, शासन को लग रहा चूना

# अवैध उत्खनन रोकने सात नई रेत खदान को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में चल रही अवैध रेत खदानों को चुनौती देने के लिए 7 नई खदानें स्वीकृत की गई है। अब कुल 10 खदानें हो गई। उधर अवैध खदानों से लगातार उत्खनन चल रहा है। यही नहीं मटेरियल सप्लायर्स से मनमाने ढंग से वसूली भी की जा रही है। इस वसूली का सीधा- सीधा असर रेत के दाम पर पड़ रहा है। शहर से लेकर गांवों तक रेत के दाम में बढ़ोतरी हुई है।

महानदी में डेढ़ दर्जन से ज्यादा स्थानों पर अवैध रूप से रेत का उत्खनन हो रहा है। खासकर ट्रैक्टरों से अंधाधुंध उत्खनन चल रहा है। उधर खनिज विभाग से मात्र तीन खदान को स्वीकृति दी गई थी। वैध रूप से दर्री, दोनर और परेवाडीह खदान ही संचालित हो रही है। वैध खदानों की संख्या बढ़ाकर अवैध रूप से रेत उत्खनन रोकने की कोशिश की जा रही है। इसी के तहत खनिज विभाग ने जिले में 7 और नई रेत खदानों को मंजूरी दी है। अब इन खदानों को चालू करने की तैयारी भी चल रही है। जानकारी के अनुसार मगरलोड क्षेत्र के गिरौद में दो खदान बुड़ेनी, चंदसूर, कुरूद क्षेत्र में मंदरौद और धमतरी क्षेत्र में अरौद खदान को स्वीकृति मिली है। करीब 15 दिन के भीतर इन खदानों को चालू कर दिया जाएगा।


फाइल फोटो

### अवैध पर लगाम नहीं

जिले में रेत के अवैध उत्खनन पर लगाम नहीं है। अछोटा, अमेठी सहित दर्जन भर से अधिक खदानों में रेत का बेखौफ उत्खनन किया जा रहा है। यहां पर रेत माफिया द्वारा बकायदा ट्रैक्टर संचालकों से वसूली की जा रही है। 22 दिसंबर पर प्रति ट्रैक्टर ट्रॉली 170 रुपए की वसूली की जा रही थी। इसे बढ़ाकर रेत माफिया ने 250 रुपए कर दिया था। इसे लेकर ट्रैक्टर यूनियन की बैठक हुई। ट्रैक्टर संचालकों के विरोध के बाद प्रति ट्रैक्टर ट्रॉली रेत पर 200 रुपए लेने का निर्णय लिया गया। मुड़पार और परसुली में अवैध रूप से रेत उत्खनन चल रहा है। मुड़पार में जहां 100 रुपए वसूला जा रहा है वहीं परसुली में 200 रूपए की वसूली की जा रही है।

### पूरी जानकारी के बाद भी कार्रवाई नहीं

वैध और अवैध दोनों खदानों में रेत का उत्खनन अवैध तरीके से हो रहा है। दर्री में तो हाइवा लोडिंग ठेकेदार द्वारा वसूली की जा रही है। ट्रैक्टरों पर लोडिंग पर गांव के कुछ लोगों द्वारा वसूली की जा रही है। ट्रैक्टर तो बिना रायल्टी के ही चल रहे हैं। वहीं अन्य रेत खदानों में भी मशीनों से उत्खनन हो रहा है। रायल्टी पर्ची के नाम पर बड़ा गोलमाल है। वहीं अवैध खदानों में रायल्टी पर्ची का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। इस पूरे मामले की जानकारी खनिज विभाग सहित जिला प्रशासन को भी है, फिर भी कार्रवाई के नाम पर ट्रैक्टर और हाइवा को पकड़ा जाता है। खदान संचालकों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

# धान चोरी के आरोपी युवक की रातभर पिटाई, सुबह हुई मौत

- सिरसिदा के दर्जनभर लोगों ने रातभर की युवक की पिटाई, सूचना देने पर भी नहीं पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

धमतरी जिले में मॉब लिंचिंग जैसी बड़ी घटना सामने आई है। ग्राम सिरसिदा में एक युवक की रातभर बेदम पिटाई से मौत हो गई है। मृतक के परिजनों ने गांव के ही एक परिवार के दर्जनभर लोगों पर चोरी के आरोप में पिटाई करने का आरोप लगाया है। इस घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है वहीं पुलिस आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच कर रही है।

घटना कुरूद ब्लॉक के ग्राम सिरसिदा की है। रविवार की मध्य रात्रि लगभग 2 बजे गांव के कार्तिक पटेल 19 वर्ष पिता तुलसीराम पटेल को कुछ लोग घर से निकालकर आदिवासी पारा ले गए और वहां पर लगभग 10-12 लोग 4 घंटे तक पिटाई करते रहे। सुबह अधमरा होने पर युवक को छोड़ दिया। परिजन इलाज के लिए धमतरी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मां-बाप सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतक के पिता तुलसीराम पटेल ने करीब 10-12 लोगों पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसके बेटे को धान चोरी में सहयोग करने का आरोप लगाते हुए रात करीब 1 से 2 बजे 3 महिलाएं उनके घर में घुसी और खींचते हुए बाहर निकाल लिया। बाहर में पुरुष लाठी-डंडे से से लैस होकर खड़े थे। बेटे को घसीटते हुए आदिवासी पारा के सामुदायिक भवन के पास ले गए, जहां तीन महिलाओं के साथ श्रीराम साहू, प्रमु साहू, नोहर साहू, बूढ़ेश्वर साहू, बीरेंद्र साहू, किशन साहू एवं अन्य लोगों ने 4 घंटे तक लाठी डंडा से जमकर पिटाई की।




मृतक कार्तिक

### मां-बाप के सामने ही इकलौते बेटे को पीटते रहे निर्दयी

तुलसीराम पटेल ने बताया कि इस दौरान मैं और पत्नी छुड़ाने के लिए गुहार लताते रहे। कोटवार भी पहुंचा लेकिन उसे भगा दिया गया। हमारे सामने बेटे को पीटते रहे। रात में ही कुरुद पुलिस को सूचना दी लेकिन सुबह तक पुलिस नहीं पहुंची। इलाज के लिए ले जाने के लिए लगातार बोलते रहे लेकिन उनकी नहीं सुनी गई। सोमवार की सुबह लगभग 6 बजे अधमरा हालत में छोड़कर चले गए। इलाज के लिए कुरूद अस्पताल ले गए जहां से स्थिति गंभीर होने पर जिला अस्पताल लाए जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कार्तिक उनका इकलौता बेटा था। उन्होंने आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जायेगा

चोरी के आरोप में मारपीट करने की शिकायत मिली है जिसके बाद युवक की मौत हो गई। फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। मामला पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई जारी है। किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जायेगा।

- **रागिनी मिश्रा**, *एसडीओपी कुरूद*

कुलिया के पास अज्ञात हाइवा ने मारी ठोकर

# ससुराल से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मड़ई घूमकर ससुराल से लौट रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार हाइवा ने चपेट में ले लिया। इस घटना में युवक की मौत हो गई है।

अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामतराई निवासी नरेन्द्र कुमार साहू पिता भीखम उम्र 35 वर्ष का ससुराल बालोद जिले के ग्राम तमोरा है जहां रविवार को मड़ई मेला कार्यक्रम था। नरेन्द्र रविवार को अपने साथी खिलावन साहू के साथ बाइक से मड़ई घूमने ससुराल तमोरा गया था जहां रात रूकने के बाद सोमवार की सुबह दोनों बाइक में सवार होकर वापस अपने घर श्यामतराई लौट रहे थे। गुरूर मार्ग से गुजर रही उनकी बाइक को ग्राम कुलिया के पास तेज रफ्तार अज्ञात हाइवा ने ठोकर मार दी। इस घटना में नरेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए संजीवनी 108 की मदद से गुरूर अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी होने पर नरेन्द्र के साढ़ू भाई ग्राम दुपचेरा निवासी गुरूचरण साहू ने अपने ससुर हेमलाल साहू को फोन पर सूचना दी। ससुर तत्काल गुरूर अस्पताल पहुंचा जहां घायल की गंभीर हालत को देखते हुए रिफर किया जा रहा था। रिफर करने पर घायल को उपचार के लिए, जिला अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।



# नशे में धुत्त युवक ने जिला अस्पताल में मचाया उत्पात

- माइनर ओटी में की तोड़फोड़, पुलिस पकड़कर ले गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शराब सेवन कर उपचार के लिए शनिवार की रात्रि जिला अस्पताल पहुंचे युवक ने जमकर उत्पात मचाया। अस्पताल स्टाफ को धमकाने के साथ -साथ माइनर ओटी में तोड़फोड़ की। युवक को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया।

अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि शहर के गोविंद ढीमर शराब के नशे में धुत्त होकर अपना उपचार कराने जिला अस्पताल पहुंचा था। युवक अपने पैरों पर ठीक से खड़ा नहीं हो पा रहा था। अस्पताल स्टाफ युवक को खड़ा कराने की कोशिश करता था लेकिन युवक गिर जाता था। उपचार नहीं होने की बात कर आवेश में आकर युवक ने माइनर ओटी में रखे आक्सीजन सिलेंडर सहित अन्य मेडिकल उपकरणों में तोड़फोड़ शुरु कर दी। डाक्टर युवक को समझाने व शांत करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन युवक किसी बात को समझने को तैयार नहीं था। युवक की हरकतों को देख अस्पताल पुलिस चौकी को सूचना दी गई। चौकी के आरक्षक, अस्पताल के स्टाफ व सिक्युरिटी गार्ड ने युवक को काबू में करने का प्रयास कर रहे थे। युवक उन्हीं को धमकाना शुरु कर दिया। किसी तरह युवक को काबू में कर सिटी कोतवाली पेट्रोलिंग को बुला उनके हवाले कर किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल में आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल में सशस्त्र गार्ड तैनात करने के लिए कहा था, लेकिन अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पुराने ढर्रे पर चल रही है।





# रंजना, प्रकाश सहित दर्जनभर लोगों ने की जिला अध्यक्ष के लिए दावेदारी

**धमतरी।** भाजपा के नए जिलाध्यक्ष चुनाव के लिए गहमागहमी के बीच जिला भाजपा कार्यालय में बैठक हुई। बंद कमरे में आयोजित इस बैठक में दर्जन भर से ज्यादा लोगों ने जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की है। जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार को निर्वाचन अधिकारी जगन्नाथ पाणिग्राही की उपस्थिति में संगठन चुनाव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक बंद कमरे में हुई, जिसमें भाजपा के ही सदस्य उपस्थित थे। इस बैठक में खासकर भाजपा के वरिष्ठ सदस्यों को बुलाया गया था। अध्यक्ष पद के लिए उनसे रायशुमारी की गई। निर्वाचन अधिकारी के सामने वर्तमान अध्यक्ष प्रकाश बैस ने फिर से अध्यक्ष बनने के लिए दावेदारी पेश की। उनके अतिरिक्त पूर्व विधायक रंजना साहू, वर्तमान उपाध्यक्ष कविंद्र जैन, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय साहू, महेंद्र पंडित, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्यामा नरेश साहू, बीथिका विश्वास, कुरूद से श्याम साहू आदि ने दावेदारी पेश की है। दावेदारों का नाम तीन पैनल बनाकर हाईकमान को भेजा जाएगा। वहां से अध्यक्ष की घोषणा होगी।





### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, कारण अज्ञात

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय महिमासागर वार्ड निवासी प्रशांत यादव पिता रमेश उम्र 18 वर्ष कैटरिंग में मजदूरी करता था। रविवार की शाम युवक ने अपने घर में लकड़ी के म्यांर में साड़ी का फंदा बना फांसी लगा ली। युवक को फंदे पर लटका देख प्रमेश यादव ने जीवित होने की संभावना के चलते पड़ोसियों की मदद से उसे नीचे उतार उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# आईटीआई के छात्र ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- ग्राम विश्रामपुर की घटना

छुट्टी पर घर आए आईटीआई के छात्र ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

पुलिस के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम विश्रामपुर निवासी राजा कुंजाम पिता रामपति उम्र 19 वर्ष चारामा के आईटीआई कालेज में पढ़ाई कर रहा था। दीपावली की छुट्टी पर छात्र त्योहार मनाने अपने घर विश्रामपुर आया था, जो वापस कालेज न जाकर घर पर ही था। रविवार की रात्रि छात्र ने गांव के खम्हार पेड़ में साड़ी का फंदा बना फांसी लगा ली। सोमवार की सुबह छात्र को फांसी पर लटका देख रूद्री पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। छात्र द्वारा फांसी लगाने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है।



आयुर्वेद विभाग द्वारा चलाया जा रहा है प्रकृति परीक्षण अभियान, मोबाइल से हो रहा अपडेट

# अपनी प्रकृति जानकर रह सकते हैं लंबी उम्र तक निरोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आयुर्वेद को लोगों से जोड़ने के लिए देश का प्रकृति परीक्षण अभियान जोरों से चल रहा है। अब तक जिले में 888 लोगों का प्रकृति परीक्षण किया जा चुका है। प्रकृति परीक्षण से लोगों को आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार करने में मदद मिलेगी। आयुर्वेद विभाग के डॉक्टर, कर्मचारी सहित अन्य स्टाफ दफ्तर, संस्थान सहित अन्य स्थानों पर जाकर लोगों का प्रकृति परीक्षण कर रहे हैं। अस्पताल में आने वाले लोगों का भी प्रकृति परीक्षण किया जा रहा है।

आयुर्वेद में चिकित्सा की पद्धति अलग है। इसमें लोगों की तासीर के हिसाब से दवाएं दी जाती हैं। इस तासीर को ही उनकी प्रकृति कहा जाता है। किसी की तासीर ठंडी तो किसी की गर्म होती है। प्रकृति परीक्षण में ऐसे ही कई प्रकार की तासीर की जांच की जाती है। इसी प्रकृति के हिसाब से दवा देने पर मरीज को उसका बेहतर लाभ मिलता है। इफेक्ट भी नहीं होता है। डॉ अवध पचौरी ने बताया कि वात, कफ, पित्त या उनके मिश्रण से लोगों की प्रकृति निर्धारित होती है। मनुष्य की प्रकृति उसके जन्म से पहले ही गर्भ में तय हो जाती है। उन्होंने बताया कि यदि व्यक्ति को अपनी प्रकृति का पता रहता है तो कई बीमारियों को वह व्यायाम, योगा, खानपान और दिनचर्या में बदलाव करके ठीक कर सकता है। प्रकृति परीक्षण से लोगों की मानसिक, शारीरिक संरचना समझने में मदद मिलती है।

### 9 हजार ने कराया परीक्षण

आयुष विभाग के डॉक्टर घूम-घूमकर लोगों की प्रकृति जांच रहे हैं। कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, कम्पोजिट बिल्डिंग में अभियान चलाकर सरकारी कर्मचारियों का प्रकृति परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त कॉलेज, सामाजिक संस्था सहित अन्य स्थानों पर प्रकृति परीक्षण अभियान चलाया गया। अब तक जिले में 9 हजार लोगों का प्रकृति परीक्षण किया जा चुका है। इसमें से 8 हजार सरकारी आयुर्वेदिक डॉक्टरों ने किया है, जबकि 1 हजार प्राइवेट डॉक्टरों ने किया है।





### जनप्रतिनिधियों ने जानी अपनी प्रकृति

डॉ अवध पचौरी ने रविवार को जनप्रतिनिधियों के घर जाकर उनका प्रकृति परीक्षण किया साथ ही एप में रजिस्ट्रेशन भी करवाया। उन्होंने कविंद्र जैन, समाजसेवी दीपक ठाकुर, पूर्व विधायक रंजना साहू, चेतन हिंदूजा, महापौर विजय देवांगन सहित अन्य लोगों का प्रकृति परीक्षण किया। डॉ पचौरी ने बताया कि जनप्रतिनिधि अन्य लोगों को प्रकृति परीक्षण के लिए प्रेरित करेंगे। यह लोगों के स्वास्थ्य के हित में है।

### चल रहा अभियान

केंद्र सरकार द्वारा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए प्रकृति परीक्षण एप डेवलप किया गया है। इस एप को इंस्टाल कर सिटीजन के रूप में रजिस्टर होना है। इसके बाद आयुर्वेद विभाग के चिकित्सक से मिलकर इसमें ऑनलाइन फार्म भरना होगा। ऑन लाइनफार्म में भरी जानकारी के आधार पर ही चिकित्सक आपकी प्रकृति के विषय में बताएंगे। प्रकृति से ही पता चलता है कि व्यक्ति को किस प्रकार के रोग होने की ज्यादा आशंका है। समय पूर्व ही सावधानी बरतकर इन रोगों से बचा जा सकता है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग शिक्षक का हुआ सम्मान

**धमतरी।** छग शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन दिवस पर समाज कल्याण विभाग ने दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले एवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक घनश्याम सिंह साहू को श्रवण बाधित विद्यालय धमतरी के सभाभवन में डिप्टी कलेक्टर एक्का ने श्रीफल, शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीमती उमा देवांगन प्रभारी उपसंचालक, नेताम मेडम, श्री जायसवाल, मनोहर, चंद्रकांत साहू समेत समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं प्रेरणा जनकल्याण समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### 12 बच्चों ने दिलाई संगीत की परीक्षा

**धमतरी।** रिदम राम रंग एकादमी द्वारा संगीत की परीक्षा आयोजित की गई। इस सेंटर को चंडीगढ़ संगीत महाविद्यालय से मान्यता प्राप्त है। इस साल 12 बच्चों हरशिव गुप्ता, थर्व साहू, प्रशि प्रजापति, गुनाज्ञ वैदय, गोपीचंद साहू, संजय ख्रिष्टि, तीजन पटेल, नवीन सोनी, पीयूष सोनी, रजत गुप्ता, यशराज महावर, सुरेश यादव ने संगीत की परीक्षा दिलाई। परीक्षा लुकेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में हुई। यह जानकारी भूषण सिंह पटेल अध्यक्ष व संचालक ने दी है।

### पेंशनर्स सम्मेलन में जिले के पेंशनर हुए शामिल

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण का 23वां पेंशनर्स डे सम्मेलन महेश गागड़ा पूर्व वन मंत्री छग के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. डीपी मनहर प्रांतीय अध्यक्ष छग पेंशनधारी कल्याण संघ की अध्यक्षता एवं डीएस राम अध्यक्ष बीजापुर के संयोजन में मंगल भवन बीजापुर में संपन्न हुआ। छग पेंशनधारी कल्याण संघ जला धमतरी के अध्यक्ष कृपाशंकर मिश्रा के नेतृत्व में प्रांतीय संगठन सचिव राजकुमार मिश्रा, होलाराम परिहा, अरूण कुमार गौर, सेवकराम नेले, भरत लाल साहू, भीखम साहू, राधेश्याम साहू, गोपाल साहू, मोतीलाल फुटान एवं नेगूराम साहू शामिल हुए।

## निधन

### सुरेन्द्र प्रजापति

**नगरी।** प्राथमिक शाला बासीन के प्रधानपाठक सुरेन्द्र प्रजापति का 21



दिसंबर शनिवार को स्वर्गवास हो गया। वे प्रसिद्ध मूर्तिकार व समाज सिहावा क्षेत्र के पूर्व सरपंच स्व. लोकनाथ प्रजापति के पुत्र, नरेंद्र प्रजापति नगरी के छोटे भाई एवं शिक्षिका ममता प्रजापति के पति थे। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम महानदी (नगरी) में किया गया। अंतिम यात्रा में शिक्षक समुदाय एवं नगरी क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।


गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

मोबाइल एप के जरिये प्राकृतिक परीक्षण कर स्वास्थ्य जांच की गई

# आयुष विभाग के शिविर में 423 ग्रामीण हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

विकाखण्ड स्तरीय निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजन उपतहसील करेलीबड़ी में हुआ। कार्यक्रम की मुख्यातिथि जिला पंचायत सदस्य कुसुमलता तोषन साहू रहीं। उन्होंने ग्रामीणों को शिविर का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस तरह के शिविर आयोजन से स्वास्थ्य जागरूकता आती है।





शिविर में 423 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि प्रदान की गई। शिविर में बीपी, शुगर, पेट संबंधित बीमारी, सर्दी, खांसी, अर्श, वातरोग, स्त्रीरोग और अन्य रोग की जांच डॉक्टरों द्वारा की गई। ग्रामीणों ने आयुष विभाग की योजना का जमकर लाभ लिया एवं आयुर्वेदिक दवाई मिलने से प्रसन्नता जाहिर की। शिविर में मोबाइल एप के जरिये प्राकृतिक परीक्षण कर स्वास्थ्य जांच कर दवाई दी गई। शिविर प्रभारी डॉ खिलेश साहू ने प्रकृति प्रशिक्षण अभियान के संदर्भ में जानकारी दी। शिविर में काढ़ा वितरण किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए खान पान पर नियमित ध्यान दें। ऐसे भोजन न करें जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो। उन्होंने योग-प्राणायाम अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

मौके पर पूर्व सरपंच गैंदलाल साहू, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ अंजलि राय, डॉ. नव्या मंडावी, डॉ. अवधेश प्रसाद, डॉ.संदीप पटवा, फार्मासिस्ट छन्नूलाल साहू, महेश्वर पटेल, कुंजबिहारी साहू, ओमप्रकाश साहू, औषधालय सेवक नंदलाल कंवर, रागिनी सेन, पंचकर्म सहायक विकास प्रजापति, प्रदीप कश्यप, पूरन साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

सही उत्तर पाकर दी शाबाशी, बुड़ेनी स्कूल का किया औचक निरीक्षण

# डीईओ ने बच्चों से मुख्यमंत्री राज्य और सरपंच का नाम पूछा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



जिला शिक्षा अधिकारी टीएस जगदल्ले ने शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बुड़ेनी का औचक निरीक्षण किया। बच्चों के कक्षा अधिगम और स्तर सुधार हेतु अधिकारियों द्वारा निरंतर शालाओं का निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी ने मगरलोड की विभिन्न शालाओं में निरीक्षण किया। शासकीय प्राथमिक शाला बुड़ेनी में शाला परिसर की सफाई, शौचालय, किचन शेड का निरीक्षण किया। कक्षा पहली के बच्चों से बातचीत करते हुए उनके नाम पूछे। ब्लैक बोर्ड में लिखने को कहा। बच्चों ने साफ व सुंदर अक्षरों में अपना नाम लिखा। मुख्यमंत्री, राज्य और सरपंच का नाम पूछा। कुछ बच्चों ने उसका भी उत्तर दिया। इससे प्रसन्न होकर जिला शिक्षा अधिकारी ने अध्यापन स्तर की तारीफ की। कक्षा पांचवीं के बच्चों को अंग्रेज़ी में नाम , 15 तक पहाड़ा पूछा। बच्चों से उत्तर पाकर अधिकारी संतुष्ट हुए। कक्षा छठवीं और आठवीं के बच्चों के भी शिक्षा स्तर की जांच की। इसके बाद डीईओ ने शिक्षक स्टाफ के साथ शिक्षा के कई विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज व व्यक्तित्व निर्माण का आइना होता है। शिक्षकों की स्वस्थ समाज के निर्माण में अहम भूमिका होती है। समन्वय से कार्य करें। अपने सेवा कार्य को गंभीरता एवं निष्ठा पूर्वक संपन्न करें। इसके बाद उन्होंने उमावि में आयोजित अर्धवार्षिक परीक्षा का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक सहित सभी शिक्षक अपने कर्तव्य पर उपस्थित मिले।

## मृतक के परिवार की समाजसेवियों ने की आर्थिक मदद

**नगरी।** ग्राम बेलरगांव निवासी कुशलराम साहू का आकस्मिक निधन हो गया। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। उनकी दो लड़की है। बड़ी लड़की बीए फस्ट ईयर और छोटी लड़की 11वीं में पढ़ रही है। नगरी के समाजसेवी सन्नी छाजेड़, पूनम प्रजापति, खेमराज साहू, सत्यम भट्ट ने आर्थिक सहयोग दिया गया है। दोनों बच्चियों की पढ़ाई फीस भी देने का आश्वासन दिया है।



# आमदी स्कूल में एलुमिनी समूह का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला तुमाबैगापारा आमदी में एलुमिनी समूह का गठन किया गया। इस समूह का मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्रों द्वारा वर्तमान में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मोटिवेशन करने के साथ ही शाला में सहयोग प्रदान करना है।



इस अवसर पर कॉलेज छात्राएं नेहा साहू,गंगा, फुलेश्वरी, भूमिका, सुनीता, प्रभा साहू आईटीबीपी सैनिक, सोमन ध्रुव अग्निवीर सैनिक ने छात्रों को पढ़ाई जीवन का महत्व बताया। कठिन तपस्या से कैसे लक्ष्य को हासिल किए, इन सभी बातों को विस्तारपूर्वक बताया।

मौके पर सविता छाटा, बिंदु ध्रुव, दीपेन्द्र साहू, सोमदत्त साहू, भारती साहू मौजूद रहे।

# क्रिकेट में खुदुरपानी विजेता व जबर्रा उपविजेता रहा

- सामुदायिक पुलिसिंग के तहत दुगली पुलिस ने आयोजित की प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

दुगली थाना क्षेत्र के अलग-अलग ग्रामों की कुल 6 टीमों ने क्रिकेट प्रतियोगिता में लिया हिस्सा। फाइनल मैच खुदुरपानी एवं जबर्रा के मध्य हुआ जिसमें खुदुरपानी की टीम विजेता एवं जबर्रा की टीम उपविजेता रही ।



पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र पाण्डे के नेतृत्व में (सिविक एक्शन) सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना दुगली द्वारा ग्राम जबर्रा में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। जिसमें थाना क्षेत्र के अलग-अलग ग्रामों के ग्राम जबर्रा, चारगांव, भैंसमुड़ा, खरखा, खुदुरपानी, मटियाबहरा की कुल 6 टीमों ने क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। फाइनल मैच ग्राम खुदुरपानी एवं ग्राम जबर्रा के मध्य खेला गया। प्रतियोगिता में प्रथम रही खुदुरपानी की टीम को 2100 रुपये एवं द्वितीय पुरस्कार 1100 रुपये ग्राम जबर्रा की टीम को दिया गया।


कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र पाण्डे, थाना प्रभारी दुगली निरीक्षक टुमनलाल डड़सेना एवं थाना दुगली स्टॉफ सहित जबर्रा के आसपास के गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मालवाहक गाड़ियों की आवाजाही से क्षेत्र की सड़कों पर बढ़ा दबाव

- सड़क पर कई जगह बने जानलेवा गड्ढे, धूल के गुबार से भी लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी अंचल में मालवाहक वाहन दौड़ रहे हैं। वहीं केशकाल घाटी में रिपेयरिंग कार्य के चलते रूट चेंज होने के कारण रायपुर से होते हुए उड़ीसा विशाखापट्टनम एवं आंध्रप्रदेश जाने वाली मालगाड़ियां धमतरी से होकर नगरी सिहावा बोराई मार्ग पर दौड़ रही है। नगरी ब्लाक के रोड की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कई जगहों पर एक से डेढ़ फीट गड्ढे हो गए हैं। मालवाहक गाड़ियां नगरी बोराई होते धमतरी मार्ग में दौड़ रही है। मालवाहक गाड़ियों की आवाजाही से नगरी क्षेत्र की सड़कों पर दबाव बढ़ा है। केरेगांव गट्टासिल्ली, घोटगांव, बिरगुड़ी सिहावा रोड की रिपेयरिंग ठेकेदार द्वारा कराई जा रही है। एक गड्ढे का डमरीकरण होते ही दूसरे गड्ढे का डामर उखड़ना चालू हो जाता है। मंगलवार को महिलाओं ने धूल से निजात पाने सड़क पर झाड़ू लगाई। बाईपास हरदीभाठा के ग्रमीणों ने बताया कि धूल से रोड किनारे के रहवासी परेशान हैं। विभागीय इंजीनियर से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि अधिक गाड़ी चलने के सड़क की स्थिति खराब हो गई है।





## गाड़ाडीह (आर) में बुनकर समिति के सदस्यों ने स्वच्छता अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

ग्राम गाड़ाडीह (आर) में सहकारी हथकरगा बुनकर समिति के सदस्यों ने ग्राम की गलियों में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई की। ग्रामवासियों को साफ-सफाई सफाई का महत्व बताया गया। सरपंच कन्हैया सिन्हा ने आभार प्रकट किया।

# बाबा ने समाज से जातिवाद, भेदभाव को मिटाया

- थुहा में घासीदास जयंती पर मड़ई मेला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ग्राम थुहा (नवागांव) में घासीदास जयंती पर शोभायात्रा एवं मड़ई मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सतनामी समाज के साथ अन्य लोग शामिल हुए। मनोरंजन के लिए मोर देश के माटी सोना छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी बुडेरा (नवागांव) की मनमोहक प्रस्तुति हुई।



मड़ई मेला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती अनुसुइया जितेन्द्र रात्रे सरपंच थीं। अध्यक्षता लीलाराम साहू ग्रामीण अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि तेजेश्वर कुर्रे, टेमन बंजारे, जयराम बंजारे, हुसैन बंजारे, भुवन जोशी, मनमोहन लहरे, प्रवीण रात्रे, बेनी कुर्रे, प्रहलाद सोनवानी, रोहित कुरवंशी, कांशी कुर्रे, भंवरलाल कुर्रे, सुखीत साहू, गणेश चन्द्राकर, नरोत्तम साहू, तोरण साहू, हरिराम साहू, भागवत साहू, सेतु सेन थे।

इस दौरान छग जनता कांग्रेस जे. के धमतरी जिलाध्यक्ष तेजेश्वर कुर्रे ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने सत्य के मार्ग को अपनाया व मनखे-मनखे एक समान का नारा दिया। हम सभी को इन्हीं मार्गों पर चलकर जातिवाद, भेदभाव को मिटाना होगा। मड़ई मेला आपसी भाईचारा बढ़ाने का एक सफल माध्यम है जो हमें न केवल हमारी पुरानी रीति-रिवाज व परम्परा से अवगत कराता है बल्कि नई पीढ़ी को आपसी सौहाद्र स्थापित करने का संदेश भी देता है। मौके पर मनीष कुर्रे, लुकेश्वर मधुकर, गुपेश, मुकेश, मैनु, मन्नू, मोहित, महेन्द्र, गीलेश्वर, लालू जोशी, जीवन, अरुण, संतोष कुर्रे, अशोक लहरे, प्रशांत रात्रे, मनीष मधुकर उपस्थित रहे।

पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने कलेक्टर से लगाई गुहार

# आमदी प्रबंधक की मौत की सीबीआई जांच कराई जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला धमतरी के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से आमदी प्रबंधक के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। नरेंद्र साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने बताया कि आमदी समिति के प्रबंधक नारायण साहू की शासकीय धान खरीदी के दौरान ही मौत हो गई। उन्होंने सीबीआई जांच करने की मांग करते हुए पीड़ित परिवार को शासकीय नौकरी अथवा 50 लाख रुपये देने सहित पंजीयक की सेवा नियम की समस्त सुविधाएं देने की चर्चा जिलाधीश से की। जिलाधीश ने उनके परिवार को शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति देने सहित उनके बच्चों की शिक्षा फीस माफ़ करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला कार्यवाहक सचिव बलदेवराम साहू उपस्थित थे।



बेलर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचिका ने सती चरित्र की व्याख्या की

# दूसरों से सच्चे आनंद की अपेक्षा ही बनता है दुख का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

महिला समूह एवं ग्रामवासी बेलर के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचिका गंगा देवी ने सती चरित्र की व्याख्या की। उन्होंने कि सतचित आनंद ही मनुष्यों का गुण है। मनुष्य चाहे कितना रोए आखिर में सब कुछ भूलकर आनंदित होने लगता है। मनुष्य यही सतचित आनंद की अपेक्षा दूसरों से करता है और दूसरों से वही सब नहीं मिलता तो यही मनुष्य के दुख का कारण भी बनता है। मनुष्य को सतचित आनंद यानी सच्चिदानंद की प्राप्ति स्वयं से ही हो सकती है। कोई दूसरा उसे आनंद नहीं दे सकता। उन्होंने प्रवृति मार्ग के बारे में बताते हुए कहा कि ब्रह्मचर्य से संन्यास आश्रम पहुंचने वाले मनुष्य की आत्मा ही निवृति मार्ग से होते हुए बैकुंठधाम जाती है और वहां से आत्मा कभी वापस नहीं आती।



सती चरित्र की व्याख्या करते हुए कथावाचिका ने बताया कि माता सती के पिता दक्ष ने एक विशाल यज्ञ किया और उसमें अपने सभी संबंधियों को बुलाया, लेकिन सती के पति भगवान शंकर को नहीं बुलाया। जब सती को यह पता चला तो उन्हें दुख हुआ और उन्होंने भगवान शिव से उसे यज्ञ में जाने की अनुमति मांगी। भगवान शिव ने उन्हें जाने से मना कर दिया लेकिन माता सती नहीं मानी और यज्ञ में पहुंच गई। अग्नि में स्वाहा कर दिया। भगवान शिव को यह पता चलते ही उन्होंने अपने तीसरे नेत्र खोलकर राजा दक्ष की नगरी को तहस-नहस कर दिया। इसके बाद सती माता पार्वती रूप में जन्मी और शिव से विवाह किया।

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### ड्राइंग और निबंध प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



**धमतरी।** स्प्लैश आर्ट फॉर ओपन वर्ड और एक्सिस बैंक के संयुक्त तत्वावधान से सेजेस कंडेल में ड्राइंग और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य राहुल नेताम ने कहा कि यह आयोजन बच्चों की स्किल को निखारने में सहायक सिद्ध होगा।

### मुजगहन में ग्रामीण गोस्वामी समाज की बैठक हुई





**जीजामगांव।** ग्राम मुजगहन धमतरी में शेखर पुरी के निवास में ग्रामीण गोस्वामी समाज की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से ग्रामीण अध्यक्ष हेमंत गिरी, सचिव राहुल गिरी, कोषाध्यक्ष शेखर पुरी, संरक्षक किशोर पुरी, उपाध्यक्ष ममता गोस्वामी, सहसचिव मनीषा गोस्वामी, उपकोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पुरी, महंत रूद्रेश्वर पुरी चुने गए। पदाधिकारियों की नियुक्ति पर नीलम बन गोस्वामी अध्यक्ष जिला गोस्वामी समाज, दिनेश पुरी, विजय पुरी, रंजीत गोस्वामी ने हर्ष व्यक्त किया है।

### भैंसबोड़ में गणित दिवस मनाया गया



**अंवरी।** शासकीय माध्यमिक शाला भैंसबोड़ में गणित दिवस मनाया गया। गणित की शिक्षिका अम्बिका सिन्हा ने बताया कि प्रतिवर्ष 22 दिसंबर को गणित दिवस मनाया जाता है। इस दिन महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को याद करते हैं। वर्ष 1887 में रामानुजन का जन्म हुआ था। इसलिए ही इस दिन को महान गणितज्ञ की याद में मनाया जाता है। उनकी प्रतिभा और गणित के लिए समर्पण ने उन्हें दुनिया में एक अद्वितीय स्थान दिलाया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा गणित के अनेक मॉडल बनाये गये। बच्चों से गणित दिवस को मनाने के उद्देश्य पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संकुल समन्वयक आई. बारले, शिक्षक एलके निषाद, डीके ध्रुव, छात्र आदित्य, गौरव, साहिल, लोमन, योगराज, भूमिका सहित अन्य उपस्थित थे।

### जिले के 83 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



**धमतरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के एक साल होने के उपलक्ष्य में जिले में सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविरों का अयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिले के कुल 83 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। इनमें दो दिसम्बर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आमदी में 13 रक्तदाता, 12 दिसम्बर को शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में लगे शिविर में 4 रक्तदाता, 16 दिसम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मगरलोड में 9 और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरी में 17 दिसम्बर को 43 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। 19 दिसम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुजरा में 4 रक्तदाता और 20 दिसम्बर को पुरानी मंडी कुरूद में आयोजित शिविर में 10 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

### स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति ने चलाया सफाई अभियान



**धमतरी।** स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत सुप्रसिद्ध नाड़ी वैद्य संरक्षक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बिरेन्द्र कुमार देशमुख एवं संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल के मार्गदर्शन पर स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति पीपरछेड़ी द्वारा ग्राम कुरमातराई के गायत्री मंदिर परिसर एवं तालाब पार में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। गुटखा पाउच, डिस्पोजल, झिल्ली, अनावश्यक खरपतवार को इकट्ठा कर निर्धारित स्थान पर डंप किया गया एवं लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। गौ सेवक एवं स्वच्छ धरा वेलफेयर प्रभारी दिनेश कुमार देशमुख ने कहा कि भारत के हर नागरिक का कर्तव्य है कि वे स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण में संतुलन बनाए रखें। खुले में शौच न करें। अपने शौचालय का इस्तेमाल करें। मौके पर पूरन साहू, नेमेश साहू, तोमेश्वर देशमुख, कोमल ओझा, लालजी देशमुख, हितेश साहू, चिनेश यादव, एकानंद देशमुख, टीकम साहू, सरपंच कुरमातराई पवन साहू, नानकराम साहू, कांति साहू, सुरेश साहू, भूषण लाल साहू, फूलजी साहू, जितेश साहू मौजूद थे।

### लुगे में ग्राम विकास एवं सुरक्षा समिति गठित

**मगरलोड।** ग्राम लुगे में ग्राम विकास एवं सुरक्षा समिति का चुनाव किया गया। सर्वसम्मति से श्यामलाल निषाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अलेन साहू, सचिव संतोष साहू, कोषाध्यक्ष थानुराम साहू, सहसचिव दुलेश साहू, सरक्षक नंदराम साहू, मनोहर साहू, श्रीराम साहू बनाए गए। सदस्यों में जगदीश साहू, गजेंद्र साहू, चैतराम साहू, भूषण साहू, शिवकुमार साहू, महेशराम साहू, यज्ञेश्वर यादव, नेमसिंग यादव, टेकराम विश्वकर्मा, प्रतापदास मानिकपुरी, लक्ष्मीनारायण ध्रुव शामिल हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के भी आने की चल रही बात

# महादेव मंदिर दर्शन के लिए कुरूद पहुंचे वनमंत्री एवं भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



भारद्वाज मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवनिर्मित अमृतेश्वर महादेव मंदिर में जारी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में वन मंत्री केदार कश्यप, पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह शामिल हुए। इससे पूर्व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय जामवाल, पवन साय, धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले, विधायक धर्मजीत सिंह, सुनील सोनी सहित कई नेता इस धार्मिक आयोजन में शिरकत कर चुके हैं। एक दो दिन में सीएम विष्णुदेव साय के आने की बात भी कही जा रही है।

रविवार की शाम कुरूद पहुंचे वन मंत्री केदार कश्यप एवं पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह का विधायक अजय चन्द्राकर ने स्वागत किया। मंदिर दर्शन एवं यज्ञ आहुति में शामिल होकर नेताओं ने क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व विधायक धरमलाल कौशिक, पुन्नूलाल मोहले, धरमजीत सिंह, सुनील सोनी, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा सहित संगठन से जुड़े नेता मंदिर दर्शन को आए थे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, रविकांत चन्द्राकर, गौकरण साहू, नेता प्रतिपक्ष भानु चन्द्राकर, सुरेश अग्रवाल, लोकेश्वर सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, मालकराम साहू, सरपंच थानेश्वर तारक ने अतिथियों की अगुवानी की। मंदिर दर्शन उपरांत चायकाल में संगठन एवं सरकार से जुड़े नेताओं ने प्रदेश के सियासी मुद्दों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर अशोक पवार, बजरंग अग्रवाल, भूपेन्द्र चन्द्राकर, राजेश पवार, जितेन्द्र चन्द्राकर, नरेश अग्रवाल, पंकज नायडू, जितेन्द्र अग्रवाल, प्रभात बैस, प्रसन्न नायडू उपस्थित थे।

## विलुप्त होती कमार जनजाति की जनसंख्या में हुई वृद्धि



- अलग से बस्ती बसाने जंगल में जमीन दिलाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अति पिछड़ी जनजाति कमारों की घटती जनसंख्या पर अब ब्रेक लगने लगा है। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में हथबंद के कमारों ने अलग से डीही बस्ती बसाने के बारे में आवेदन किया है। मगरलोड के ग्राम हथबंद कमारपारा निवासी कमार महेश्वरी, पूर्णिमा, मथुरा, भावन, संतोषी, शांति आदि ने कलेक्टर को आवेदन में कहा है कि हथबंद के खदराही जंगल में डीही बसाकर सालों से रहते आ रहे हैं। उनके पारा में 10 परिवार है। पारा की जनसंख्या 50 के करीब है। जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। खदराही जंगल में और झुग्गी या मकान बनाने की जगह नहीं है। बढ़ती जनसंख्या के कारण खदराही जंगल से एक किमी दूर जंगल में डीही बसाहट का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन के पर्यावरण नियम के तहत जंगल को किसी भी प्रकार से क्षति नहीं पहुंचाएंगे और न ही पेड़ों की कटाई करेंगे। कमारों ने डीही बसाहट के लिए अनुमति प्रदान करने की मांग की है।

## मुख्यमंत्री निवास घेराव में शामिल हुए सैकड़ों एनएसयूआई कार्यकर्ता

- भाजपा की डबल इंजन सरकार ने छग को अपराध के गर्त में फेंका : राजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



प्रदेश में बढ़ते अपराध, नशाखोरी और विष्णुदेव के 1 वर्ष के कुशासन के विरोध में युवा कांग्रेस के तत्वावधान में मुख्यमंत्री निवास घेराव किया गया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के साथ शामिल रहे। इस घेराव में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में जिले के सैकड़ों एनएसयूआई कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि भाजपा के 1 साल के शासन में प्रदेश में केवल अपराध, नशाखोरी और भ्रष्टाचार में ही वृद्धि हुई है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने छत्तीसगढ़ को अपराध और नशे के गर्त में फेंकने का काम किया है। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर विष्णुदेव साय को सत्ता की गहरी नींद से जगाने का प्रयास किया। तेजप्रताप साहू, पारसमणि साहू, ओमप्रकाश मानिकपुरी, नमन बंजारे, नोमेश सिन्हा, त्रिभुवन मंडावी, अरविन्द यादव, सुदीप सिन्हा, चीतेन्द्र साहू, तेज प्रकाश साहू, उदय साहू, राकेश नेताम, उमेश, इंदर साहू, विवेक कतलाम, देवेन्द्र सिन्हा सहित सैकड़ों एनएसयूआई कार्यकर्ता शामिल रहे।

## आवास की शेष दो किस्त के लिए महीनों से भटक रही कमार महिलाएं

- आवास के लिए कर्ज लेकर फंसे पांच कमार परिवार ने सुकून से जीवनयापन के लिए लगाई गुहार



**धमतरी।** पीएम जनमन योजना से कमारों के घर तक बुनियादी सुविधा देने का सरकार खूब ढिंढोरा पीट रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है। सोमवार को बनबगौद कांटाकुर्रीडीह के कमार पीएम आवास बनाकर फंस गए हैं। कर्ज लेकर आवास कम्पलीट करने के 6 महीने बाद भी शेष किस्त के लिए कलेक्टोरट, मुख्यमंत्री दरबार का चक्कर लगा रहे हैं। बनबगौद कमारपारा निवासी मीना कमार, सावित्री कमार सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन पहुंची। कलेक्टर की अनुपस्थिति में प्रभारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि 2024 में पीएम आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ। दो किस्त जारी की गई, जिससे आधा मकान बना। तीसरी किस्त के बारे में पंचायत ने कहा कि आवास पूर्ण करने पर किस्त मिलेगी। उन्होंने बताया कि वे अतिगरीब हैं, जैसे-तैसे कर्ज उठाकर मकान को पूर्ण किया। मकान निर्माण पूर्ण हुए चार माह बीत गए हैं, लेकिन तीसरी और चौथी किस्त अब तक जारी नहीं हुई है। कर्ज देने वाले सुबह-शाम उनके घरों का फेरा लगाकर तंग कर रहे हैं। पंचायत में जाकर गिड़गिड़ा चुके हैं। कलेक्टर में कई बार आवेदन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री के दरबार भी गए थे। मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं हुई लेकिन आवेदन सौंपा गया। उन्होंने बताया कि बनबगौद के कमारपारा में पांच परिवारों को आवास किस्त नहीं मिली है। पांचों परिवार कर्ज देने वालों का ताना सुन रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर से आवास की शेष किस्त शीघ्र दिलाने की मांग की है।

## अंबेडकर वार्ड में नाली, सड़क सहित कई कार्यों का भूमिपूजन



जनता की सुविधाओं के लिए हो पार्षद निधि का उपयोग : पं. राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

श्री राम अस्पताल रुद्री रोड के पीछे, गौरवपथ में स्लेब निर्माण तथा सरस्वती शिशु मंदिर के पीछे एकता नगर में गौरव पथ से लेकर नाचन तक सड़क के दोनों और पेच रिपेयरिंग का भूमिपूजन समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमलता शर्मा ने किया। इस अवसर पर राजेश शर्मा ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि को उनके पद दायित्व के निर्माण में दी जाने वाली निधि का सार्थक उद्देश्य यह रहता है कि जनता के हितकारी कार्यों को प्राथमिकता के साथ उस निधि से संपन्न किया जाए। अंबेडकर वार्ड में जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। हेमलता शर्मा ने कहा है कि सच्चा जनप्रतिनिधि वही है जो जनता के प्रति जवाबदेही रहे। मौके पर वार्ड पार्षद राजेंद्र शर्मा, कुलेश सोनी, मुकेश शर्मा, केवल साहू, विकास शर्मा, लक्की डागा, पिन्टू यादव, हेमंत ठाकुर, मुन्ना ठाकुर, सुभाषिनी शर्मा, मीनाक्षी ठाकुर, रश्मि जैन, कुसुम यादव, कंचन साहू, सकुशल गुप्ता, चद्रंमणी शर्मा, बसंती गजेंद्र, लक्ष्मण गौतम उपस्थित थे।

## वोट की राजनीति के लिए पार्टियां बाबा डॉ. भीमराव अंबेडकर का नाम ले रहीं : अरविन्द

- डुबान क्षेत्र में दिखी आदिवासी एकजुटता व संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



डुबान क्षेत्र में पहली बार आदिवासी समाज की एकजुटता दिखी। शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के मौके पर 25 गांवों ने मिलकर आदिवासी संस्था वैभव इंफ्रा बिल्डकॉन धमतरी के सहयोग से शहीद वीर नारायण सिंह प्रतिमा स्थापना समारोह आयोजित किया। माटेगहन कोहका चौक में शहीद वीर नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण विधायक ओंकार साहू ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम रेला पाटा की प्रस्तुति हुई। कला, साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले जीवन कुरैटी, व्याख्याता गेवाराम नेताम और आदिवासी युवा जोहार कला मंच के युवाओं को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ी लोककला मंच मोर संगवारी की प्रस्तुति हुई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग और आदिवासी हाट बाजार का स्टाल भी लगाया गया था। समारोह में विधायक ओंकार साहू, केशकाल के पूर्व विधायक संतराम नेताम, सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद नेताम, गोंडवाना गोंड़ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अकबर राम कोर्राम, सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई, देवनाथ नगारची प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी नगारची समाज, महेश रावटे कार्यकारी जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, चन्द्रकला नेताम जिलाध्यक्ष महिला प्रभाग सर्व आदिवासी समाज ,ईश्वरी नेताम जिलाध्यक्ष महिला प्रभाग गोंड़ समाज, कमलनारायण ध्रुव कोषाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज फरीदा बेगम, सरपंच हेमलता तारम, मोती राम यादव, ललिता विश्वकर्मा शामिल हुए। मौके पर विधायक श्री साहू ने कहा कि आदिवासी समाज जागरूक समाज है। अपने अधिकारों के प्रति सजग रहता है। संस्कृति, वेशभूषा, खानपान से उनकी अलग पहचान है। पूर्व विधायक श्री नेताम ने कहा कि वीर नारायण सिंह गरीबों के लिए मसीहा थे। अनाज लूटकर उन्होंनें जरूरतमंदों को बांट दिया। अरविंद नेताम ने कहा कि समाज के लोगों को सामाजिक कानून की जानकारी होनी चाहिए। आज स्थिति यह है कि सभी समाज में सामाजिक कार्यकर्ता कम राजनैतिक कार्यकर्ता ज्यादा मिलेंगे। सभी पार्टियां बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर का नाम ले रही हैं। यह सब वोट की राजनीति है। गोंड़ समाज के तहसील अध्यक्ष जयपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि नारायण सिंह की पराक्रम के आगे अंग्रेज भी घुटने टेकने लगे थे। इस दौरान खिलेन्द्र पडोटी, वेदप्रकाश ध्रुव, शिवप्रसाद कोर्राम, अनीता ठाकुर, फागेश्वर कुंजाम, भंवर सिंह सलाम, चिन्ताराम मंडावी, मायाराम उईके, ईश्वर कुरैटी, दशरथ मरकाम, रोहिदास मंडावी, देवेन्द्र मरकाम सहित समाजजन उपस्थित थे।

## महिलाओं ने सीखी टमाटर कैचअप निर्माण की वैज्ञानिक तकनीक

किसानों और उद्यमियों के लिए यह एक लाभकारी व्यवसाय बन सकता है : डॉ. ईश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जा रहा है। 22 दिसंबर को महिला स्वसहायता समूहों एवं महिला कृषकों को टमाटर कैचअप निर्माण की विधि से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उपलब्ध टमाटरों का सही उपयोग कर उनकी मूल्य वृद्धि करना और ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना था। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ईश्वर सिंग ने प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और कहा कि प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की मांग दिनोंदिन बढ़ रही है। ऐसे में टमाटर कैचअप निर्माण किसानों और उद्यमियों के लिए एक लाभकारी व्यवसाय बन सकता है। डॉ. अमित सिन्हा ने टमाटर कैचअप की निर्माण प्रक्रिया को सरल और व्यावहारिक तरीके से समझाया। प्रशिक्षण में टमाटर की ग्रेडिंग, छीलना, पेस्ट तैयार करना, प्यूरी तैयार करना, मसालों का उपयोग और उचित पैकेजिंग पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में महिला स्वसहायता समूहों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने न केवल निर्माण प्रक्रिया सीखी, बल्कि इसे व्यावसायिक रूप से अपनाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

वैज्ञानिक मनीषा खापर्डे ने बताया कि धमतरी क्षेत्र में टमाटर का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है। यदि किसान प्रसंस्करण की इस विधि को अपनाएं तो न केवल उनका आर्थिक लाभ बढ़ेगा, बल्कि यह उत्पाद बाजार में उनकी प्रतिस्पर्धा को भी मजबूत करेगा।

## देमार स्कूल के बच्चों को बांटी साइकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार के जरूरतमंद विद्यार्थियों को कैनरा रोबेको म्युचुअल फंड के कार्पोरेट सोशियल रेस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत साइकिल का वितरण किया गया। संस्थान के रायपुर ब्रांच के मैनेजर अविनाश रात्रे ने कहा कि इस प्रकार के सहयोग से हमें विशेष खुशी हो रही है जब हम शिक्षा के क्षेत्र में अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

कैनरा बैंक शाखा धमतरी के सीनियर मैनेजर राकेश साहू ने बताया कि उनका बैंक समाज के सहयोग से अपनी नैतिक जिम्मेदारी पूरा करने के लिए सदैव तत्पर रहता है। इसी कड़ी में इस बार देमार के विद्यार्थियों को लाभ दिया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य डीएन साहू ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षा जगत में इस प्रकार के योगदान से न केवल विद्यार्थियों को बल्कि शिक्षक और पालकों को भी नया उत्साह मिलता है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, उपसरपंच संजय साहू, सदस्यगण संत कुमार साहू, राकेश सिन्हा, सुरेन्द्र चौरे, दिनेश कुंभकार, खोरबाहरा राम साहू, माध्यमिक शाला खपरी के शिक्षक उत्तमसिंह कोसरिया, भूषणलाल साहू समेत अन्य मौजूद थे।




Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### प्रायोगिक परीक्षा आज

**धमतरी।** पीजी कालेज में अध्ययनरत बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के नियमित एवं स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा 24 दिसंबर को प्रातः 10 बजे आईटी विभाग में आयोजित की गई है। सीएसजीई एंड सीएजीई 1- कंप्यूटर फंडामेंटल एंड ऑपरेटिंग सिस्टम विषय से संबंधित छात्र-छात्राओं को अपनी प्रायोगिक फाइल के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### ईर्रा में 31 को होगी मड़ई

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत ईर्रा में ग्रामवासियों के सहयोग से 31 दिसंबर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी पचपेड़ी मोखा का कार्यक्रम होगा। तैयारी में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष नंदकुमार साहू, उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, सचिव महेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, सरपंच कमलेश नेताम, उपसरपंच कल्याणसिंह साहू, डॉ. अजय साहू, राधेलाल, महेश साहू, सुरेंद्र साहू, महेश जुटे हुए हैं।

### चंदनबिरही में मड़ई मेला 9 को

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चंदनबिरही में 9 जनवरी गुरुवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि को साल्हेटोला कांकेर का छत्तीसगढ़ी नाचा रखा गया है। 11 एवं 12 जनवरी को रामचरित मानसगान सम्मेलन होगा। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राजेश उइके, सचिव राजू साहू नेबताया कि सम्मेलन में छग की ख्याति प्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। तैयारी में आयोजन समिति के अध्यक्ष हेमप्रकाश गंजीर, सचिव शंकर सांहड़ा, हरखराम साहू, पीताम्बर साहू, मोतीराम, पुनीतराम साहू सहित सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

### डिपोपारा में बनेगा सीसी रोड

**धमतरी।** सोरिद वार्ड क्रमांक 35 डिपोपारा में सीसी रोड का भूमिपूजन पार्षद रितेश नेताम एवं बीजेपी कार्यकर्ताओं व मोहल्ले के गणमान्य नागरिकों ने किया। मौके पर वार्डवासी अंकालू राम सिन्हा, पंकज गौतम, पीताम्बर साहू, चंद्रहास सेन, काशीराम साहू, दयाशंकर सोनी, पुष्पा अवस्थी, तारा सेन, उर्वशी साहू, रेखा समेत अन्य उपस्थित थे।

### शाला की साफ-सफाई पर हुए संतुष्ट

**धमतरी।** जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले एवं लीलाधर चौधरी सहायक संचालक ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला जोधापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों शालाओं में शिक्षक अध्यापन करते हुए मिले। अधिकारियों ने बच्चों से कई प्रश्न पूछे। बच्चों ने प्रश्नों का सही जवाब दिया। स्कूली स्तर से ही बच्चों में साहित्य के प्रति रूचि विकसित करने मुस्कान पुस्तकालय का उचित उपयोग करने के निर्देश प्रधानपाठकों को दिए। अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा हेतु पीटीएम आयोजित कर बच्चों के शैक्षणिक स्तर से पालकों को अवगत कराने एवं कमजोर बच्चों को कक्षा स्तर पर लाने उपचारात्मक शिक्षण आयोजित करने निर्देशित किया।

---

लाखों लोगों के लिए आशा की किरण है मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना : अजय चंद्राकर

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना : 48 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद





मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना उन लाखों लोगों के लिए आशा की किरण लाती है, जो समाज के अंतिम छोर पर खड़े हैं। समाज जहां खड़ा हो, समाज से जो जुड़ा हो, शासन-प्रशासन खड़ा हो, मुख्यमंत्री का आशीर्वाद प्राप्त हो, समाज की उपस्थिति हो, ऐसे कार्यक्रम में उपस्थित होना और भागीदार बनना अपने आप में गौरव का विषय है। उक्त बातें कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने कुरुद के नए मंडी प्रांगण में आयोजित महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत पहुंचे हितग्राहियों व क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष होने के उपलक्ष्य में प्रदेश सहित जिले में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कुरूद विकासखण्ड में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह आयोजित किया गया, जिसमें 48 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

इस अवसर पर 48 दूल्हों की बारात बाजे-गाजे के साथ जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारियों ने निकाली। साथ ही महिला एवं बाल विकास तथा जिला प्रशासन द्वारा इनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद, सांसद प्रतिनिधि मूलचंद सिन्हा, नगर पंचायत कुरूद की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चन्द्राकर सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**योजना के तहत दी जाती है 50 हजार रुपये तक की सहायता**

गौरतलब है कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रति जोड़ा 50 हजार रूपये दिया जाता है। इसमें 8 हजार रूपये विवाह आयोजन व्यवस्था एवं परिवहन, 7 हजार रूपये मंगलसूत्र, वर-वधु के कपड़े, श्रृंगार सामग्री चुनरी, साफा, उपहार सामग्री, 35 हजार रूपये वधु को ड्रॉफ्ट बैंक खाते के माध्यम से भुगतान के लिए दिये जाते हैं।

**महतारी वंदन योजना की राशि से महिलाएं आत्मनिर्भर बनें : अजय**

विधायक कुरूद चन्द्राकर ने कहा कि यह एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में लिंगानुपात को बढ़ाने देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा दिया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप महिलाओं के हाथ में कुछ पैसे आ जाएं और यदि महिला अपने घर में आत्मनिर्भरता सम्पूर्ण कर लेती हैं। घर की वैनंदिनी के खर्च से बचाकर कुछ आगे की सोचती है, तो यह महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण के लिए प्रभावशाली होगी। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना इसी का उपक्रम है।

---

## भारतीय समाज और संस्कृति को मजबूती प्रदान करता है गायत्री परिवार : रंजना



- नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं पूर्णाहुति में शामिल हुईं पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्रद्धा प्रज्ञा सत्संग समिति गायत्री परिवार गोकुलपुर द्वारा नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव में पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुईं। यज्ञ में आहुति देकर क्षेत्रवासियों के स्वस्थ जीवन की मंगल कामना की।

इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा कि समाज में वैचारिक बदलाव लाकर समाज का उत्थान करना, राष्ट्र निर्माण के लिए काम करना, सनातन संस्कृति का पुनरुद्धार, आत्मकल्याण की उपासना, भारतीय संस्कृति का प्रचार करने सहित अन्य विषयों पर समाजिक चेतना को जागृत करना ही प्रमुख उद्देश्य रहा है। गायत्री परिवार भारतीय समाज और संस्कृति को मजबूती प्रदान करने के साथ पूरे विश्व में मानवता के कल्याण के लिए काम कर रहा है। शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू ने कहा कि गायत्री परिवार समाज, राष्ट्र एवं युग निर्माण करने वाले व्यक्तियों का परिवार है।

## सुबह 9 बजे तक कोहरे के आगोश में रहा धमतरी नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



फोटो : वासु



जिंदगी का बस एक ही फसाना है एक धुंध से आना है और एक धुंध में जाना है। सोमवार की सुबह 4 बजे से धमतरी शहर सहित आउटर व ग्रामीण क्षेत्र में सुबह 9 बजे तक कोहरा छाया रहा। 23 दिसंबर की सुबह 4-5 बजे जब लोगों ने अपने घर का दरवाजा खोला तो उनके सामने चारों तरफ कोहरा छाया था। हरिभूमि संवाददाता सुबह 5 बजे अपनी साइकिल पर मोबाइल कैमरा लेकर धुंध का पीछा करने, पकड़ने निकल पड़े। गोकुलपुर से आगे कर्मा माता चौक से रूद्री रोड पर निकले तो सभी गाड़ियां रोड पर फर्राटा नहीं भर रही थीं बल्कि फॉग लाइट जलाकर रोड पर स्नेल की भांति रेंग रही थी। कलेक्ट्रेट रोड पर एक पिता अपने बेटे की फोटो लेते दिखे। शीत वर्षा के कारण कलेक्टोरेट के प्रवेश द्वार पर दाण्डीमार्च के प्रतीक के रूप में प्रदर्शित मूर्तियां गायब थीं। जैसे मोदी राज में गांधी के अनुयायी गांधी का साथ छोड़ गए हों पर जैसे-जैसे नजदीक पहुंचे गांधी जी ठण्ड में डण्डा लेकर सीना ताने खड़े थे और उनके पीछे अन्य महापुरूष भी दिखे। रास्ते पर सड़क किनारे लगे दो-दो वृक्ष आपस में बात कर रहे हैं ऐसा प्रतीत हुआ। इस सुबह शहर के भीतर दृश्यता 50-60 मीटर थी। वहीं खुले एरिया में दृश्यता और कम होते गई जो कलेक्टर दफ्तर की ओर 20-30 मीटर होकर रह गई थी।

## अपनी जिम्मेदारियों को छोड़ रेत के पीछे लगे हुए हैं विधायक : सूरज

**धमतरी।** भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सूरज शर्मा ने रेत खदानों में विधायक के जाने पर किया कटाक्ष करते हुए कहा कि एक तरफ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने नेता और कार्यकर्ताओं को किसानों का ख्याल रखने की हिदायत देते हैं वहीं धमतरी विधायक का ध्यान रेत से हटता ही नहीं है। जिस खदान में वे पहुंचे थे, वहां हाथापाई भी हुई। बहरहाल क्षेत्र में अनेक समस्याएं हैं जिनपर ज़िम्मेदारी से विधायक को कार्य करना चाहिए और जनता द्वारा मिले जनादेश का सम्मान कर अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जनता ने उन्हें विधायक बनाया है तो उस ओर अपने कर्तव्यों का बोध करते हुए क्षेत्र के विकास और उनकी सेवा में लगना चाहिए वरना अगली बार मैदान में आएंगे तो यही जनता बाहर का रास्ता भी दिखा देगी।

## नहर सत्याग्रह से कंडेल की बनी विशिष्ट पहचान

- कंडेल कालेज की रासेयो इकाई ने मनाया नहर सत्याग्रह दिवस
- नहर सत्याग्रह को गति देने महात्मा गांधी 21 दिसंबर 1920 को कंडेल आए थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 21 दिसंबर को महात्मा गांधी के कंडेल आगमन की तिथि को नहर सत्याग्रह दिवस के रूप में मनाया गया। विदित हो कि 21 दिसंबर 1920 को असहयोग आंदोलन के दौरान पूरे भारतवर्ष में अलग-अलग जगह पर अंग्रेजों के खिलाफ संगठित आंदोलन चल रहे थे। इसी क्रम में कंडेल के किसानों द्वारा अवैध नहर कर के विरुद्ध नहर सत्याग्रह बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में चल रहा था। इसी नेतृत्व को गति प्रदान करने के लिए पंडित सुंदरलाल शर्मा के आह्वान पर गांधी जी धमतरी से होते हुए कंडेल आए और नहर सत्याग्रह को सफल करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। इसी की याद में कंडेल में प्रतिवर्ष नहर सत्याग्रह दिवस मनाया जाता है। कंडेल कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणजनों ने गांधी उद्यान में गांधीजी एवं बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर सरपंच श्रीमती पुष्पा नेताम ने कहा कि नहर सत्याग्रह से कंडेल ग्राम की एक विशिष्ट पहचान बनी हुई है। मुख्य वक्ता यतीश भूषण श्रीवास्तव ने कहा कि कंडेल नहर सत्याग्रह ने छत्तीसगढ़ के किसानों को अंग्रेजी शासन के खिलाफ एकजुट होने में विशेष भूमिका निभाई। संस्था के प्राचार्य प्रो. रविश दास ने कहा कि नहर सत्याग्रह ऐतिहासिक रूप से भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम में लीलाराम साहू, मुरहा राम कमलवंशी, कामता प्रसाद मचेन्द्र, राधेश्याम साहू, रामकरण मछिंद्र, मनोज सोनवानी, कॉमेंद्र साहू, यतिराम साहू, लीलाराम साहू, विशाल मानसिंह निर्मलकर, पुनीत साहू, देवनारायण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर सिन्हा ने किया।

### कुर्रा सोसाइटी में किसानों का हुआ सम्मान

धमतरी। सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कुर्रा (बागतराई) में किसान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अतिथि अमन राव अध्यक्ष भाजपा मंडल आमदी, मुरारी यदु प्राधिकृत अधिकारी थे। मौके पर मुरारी यदु ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से किसान खुश हैं। अमन राव ने बताया कि भाजपा सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर किसानों को श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विनोद गौर, बिसौहाराम, पूना राम, रिखम राव, भीषम साहू, पोखन गुगले, जितेन्द्र साहू, उमेश कुमार, घनश्याम देवांगन, हिरेन्द्र साहू, रितुराज, महादेव साहू, सम्पत यदु, डेहरा राम साहू समेत अन्य किसान उपस्थित थे।

## किसानों को समर्थन मूल्य की एकमुश्त राशि दिलाने की मांग



- जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी तथा छग क्रांति सेना ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी तथा छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने किसानों के साथ वादा खिलाफी और कृषि जमीन पर अवैध प्लाटिंग पर कलेक्टर से शिकायत की है।

जोहार छग पार्टी के जिला अध्यक्ष निखिलेश देवान साहू, छग क्रांति सेना जिलाध्यक्ष रोशन साहू, महामंत्री प्रेमूराम सिन्हा, संयोजक अमित वर्मा ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि प्रदेश सरकार ने चुनावी घोषणा पत्र में समर्थन मूल्य पर 3100 रुपये प्रति क्विंटल तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी कर एकमुश्त भुगतान करने का वादा किया था। सरकार वादा के अनुरूप 3100 रूपए में धान नहीं खरीदकर 2320 रूपए में खरीद रही है।

एक अन्य ज्ञापन में क्रांति सेना ने कहा है कि शहर सहित आसपास के गांव की कृषि योग्य जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। कृषि प्रधान जिला को धनहा धमतरी का नाम दिया गया है। नियमों को ताक पर रखकर कृषि जमीन पर अवैध कालोनी एवं प्लाटिंग किया जाना चिंता का विषय है। उन्होंने कलेक्टर से अवैध प्लाटिंग, कॉलोनी पर रोक लगाकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

**बड़ी अनहोनी**

## दोपहर से गायब दो मासूम जुड़वा भाइयों की लाश कुएं में मिली



**ग्राम कोकड़ी (खैरा) के बजरंग चौक की घटना**



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद के ग्राम कोकड़ी (खैरा) में एक बड़ी अनहोनी घटना घट गई है। दोपहर से लापता दो जुड़वा भाइयों की लाश गांव के ही 30 फीट गहरे कुएं में मिली है। इस हृदय विदारक घटना से गांव में शोक का माहौल है। वहीं मृत बच्चों के मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है।

मामला कुरुद थाना अंतर्गत ग्राम कोकड़ी का है। दो जुड़वा भाई होरीलाल एवं डोमन लाल पिता डोमेश साहू उम्र 6-6 वर्ष सोमवार की दोपहर करीब तीन बजे घर से खेलने के लिए निकले थे। जो देर शाम हो जाने के बाद भी घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने बच्चों की खोजबीन शुरू की एवं सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे गांव के ग्रुप के साथ साथ क्षेत्र में इसकी सूचना दी। परिजनों के साथ ग्रामीणों ने भी गुमशुदा डोमन व होरीलाल की खोजबीन शुरू की। तब किसी बच्चे ने उन दोनों के अलावा गांव के ही कुछ और बच्चों को उनके घर के पास बजरंग मंदिर चौक के पास खेलते हुए देखे जाने की जानकारी दी।

ग्रामीणों ने जब उक्त स्थल की बारीकी से खोजबीन शुरू की तो वहीं समीप स्थित करीब 30 फीट गहरे कुएं में दोनों मासूम की लाश मिली। कुआं में अभी जमीन तल से आठ फीट गहरा पानी भरा हुआ है। लाशों को बाहर निकाल लिया गया है। इधर सूचना पाकर मौके पहुंची कुरुद पुलिस ने दोनों बच्चों के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है।

बच्चों की मौत के कारणों को लेकर अंदेशा जताया जा रहा है कि बच्चे खेल-खेल में कुआं में गिर गया होगा। अंदेशा यह भी है कि क्या किसी ने जानबूझकर उन्हें कुआं में तो नहीं धकेल दिया होगा। क्योंकि एक साथ एक ही घर के दो जुड़वा भाइयों की मौत से हर कोई हतप्रभ हैं। घटना को लेकर हर किसी के मन में तरह -तरह से सवाल पैदा हो रहे हैं। फिलहाल घटना की जांच में पुलिस जुट गई है।

## क्रिसमस पर्व पर विविध कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ईसाई समाज अपने प्रमुख पर्व क्रिसमस को धूमधाम से मनाने पखवाड़े भर का कार्यक्रम रखा है। 15 दिसंबर से 1 जनवरी तक मेनोनाईट चर्च में विविध कार्यक्रम आयोजित है। ईसाई समाज के पदाधिकारी एवं पार्षद योगेश लाल ने बताया कि 23 दिसंबर की शाम 6 बजे मेनोनाईट चर्च में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्म के गणमान्य लोगों का सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर को खृष्टे जयंती की आराधना, 31 जनवरी को वाचनाईट सर्विस, 1 जनवरी को नववर्ष की आराधना की जाएगी। 15 से 22 दिसंबर तक महिला सभा द्वारा आराधना, डिस्ट्रिक क्रिश्चयन फोरम द्वारा रैली, सभी विंग्स की अगुवाई में कैरल सिंगिंग, मारविन चरण की अगुवाई में खेलकूद, रविवारीय आराधना का कार्यक्रम हुआ।

स्वामी जी-93406-38884
10 जनवरी 2025
मकर संक्राति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक 10 जनवरी 2025 19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
29 मार्च से 04 अप्रैल 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
BEFORE AFTER
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020